प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय की ई-सेल का पुनर्गठन

पंतनगर। 09 जनवरी 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय ने सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निदेशालय की छात्र इकाई ई-सेल की पुनर्संरचना की है एवं वर्ष 2020–21 के लिए नयी कार्यकारिणी का गठन किया है। छात्र इकाई ई-सेल विश्वविद्यालय स्तर पर सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय का अभिन्न अंग है, जिसके मुख्य संरक्षक कुलपति डा. तेज प्रताप एवं संरक्षक निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श हैं। पुनर्संरचना के तहत ई-सेल को आठ प्रकोष्ठों में विभाजित किया गया है, जिनमें मीडिया, वेब एवं डिजाइन प्रकोष्ठ, स्टार्टअप सम्वर्धन प्रकोष्ठ, कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन प्रकोष्ठ, प्लेसमेन्ट प्रकोष्ठ, इंटर्नशिप प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट पोर्टल प्रबंधन प्रकोष्ठ, सार्वजनिक सम्बन्ध और विपणन प्रकोष्ठ हैं। ई-सेल की आंतरिक संरचना के अनुसार 1 अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष, 1 महासचिव, 1 सचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 8 प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं 32 कार्यकारी सदस्य बनाए गए है। इसमें विश्वविद्यालय के प्रत्येक डिग्री प्रोग्राम का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। वर्ष 2019–20 के लिए सुनिश्चित की गयी कार्यकारिणी में श्री इशान वर्मा, अध्यक्ष व प्रमुख प्लेसमेंट; रितिका सैनी, उपाध्यक्ष (संचालन); मोहित दुआ, उपाध्यक्ष (विपणन); जलज सतीजा, उपाध्यक्ष (सहयोगी); कार्तिकेय कोटनाला, उपाध्यक्ष (प्रौद्योगिकी); सिद्धार्थ आहूजा, महासचिव; अभिजीत, सचिव व प्रमुख इंटर्नशिप प्रकोष्ठ; रिया गांधी, कोषाध्यक्ष; अंक्षिता कुशवाहा, प्रमुख, कैरियर कांउसलिंग प्रकोष्ठ; दीपिका कर्नाटक, प्रमुख, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन प्रकोष्ठ; नेहा, प्रमुख, पोर्टल प्रबंधन प्रकोष्ठ; आलोकित सैलानी, प्रमुख, स्टार्टअप प्रमोशन प्रकोष्ठ; इशिता कांडपाल, प्रमुख, मीडिया, वेब और डिजाइन प्रकोष्ठ; तथा रक्षिता, प्रमुख, पी आर एण्ड मार्केटिंग प्रकोष्ठ बनायी गयी हैं।

कुलपति डा. तेज प्रताप एवं निदेशक सेवायोजन डा. आर. एस. जादौन ने कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं तथा विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में अपना बहूमूल्य योगदान देकर विश्वविद्यालय की प्रगति में भागीदारी बनने का आह्वान किया है। डा. आर. एस. जादौन ने बताया कि यह निदेशालय विश्वविद्यालय का बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से शत-प्रतिशत सेवायोजन का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से इस लक्ष्य प्राप्ति हेतु निदेशालय को अपना अपेक्षित सहयोग दिये जाने की अपेक्षा की।


इशान वर्मा, अध्यक्ष व प्रमुख प्लेसमेंट

रितिका सैनी, उपाध्यक्ष (संचालन)

मोहित दुआ, उपाध्यक्ष (विपणन)

जलज सतीजा, उपाध्यक्ष (सहयोगी)

कार्तिकेय कोटनाला,
उपाध्यक्ष (प्रौद्योगिकी)

सिद्धार्थ आहूजा,
महासचिव

अभिजीत, सचिव व
प्रमुख इंटर्नशिप प्रकोष्ठ

रिया गांधी,
कोषाध्यक्ष

अक्षिता कुशवाहा,
प्रमुख, कैरियर
कांउसलिंग प्रकोष्ठ

दीपिका कर्नाटक,
प्रमुख, उच्च शिक्षा
प्रोत्साहन प्रकोष्ठ

नेहा, प्रमुख, पोर्टल
प्रबंधन प्रकोष्ठ

आलोकित सैलानी,
प्रमुख, स्टार्टअप प्रमोशन
प्रकोष्ठ

इशिता कांडपाल,
प्रमुख,
मीडिया, वेब और
डिजाइन प्रकोष्ठ

रक्षिता, प्रमुख, पी
आर एण्ड मार्केटिंग
प्रकोष्ठ

***ई-सेल के पदाधिकारी।***